प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 04.10.2018

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के नवनियुक्त महाप्रबंधक श्री वीरेन्द्र कुमार ने आज आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों के साथ गहन रुप से विचार विमर्श किया और कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यो का विस्तृत रुप से जानकारी ली।

इसके उपरांत श्री कुमार ने कारखाना परिसर का भी निरीक्षण किया और कारखाना में उपलब्ध संसाधनों को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही साथ, उन्होंने रेलवे बोर्ड द्वारा दिए उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी ली।

महाप्रबंधक ने विभागाध्यक्षों के साथ आयोजित बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया कि आरेडिका टीम सामूहिक प्रयास से वर्ष 2018–19 के लिए 1232 कोचों के उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार हो ताकि आरेडिका का भारतीय रेलवे में एक अलग पहचान बन सके।